>

Title: Need for early construction of AIIMS like Hospital in Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : महोदय, जैसा कि पूर्ववर्ती एनडीए सरकार ने पूरे देश के 6 राज्यों में आवश्यकता के अनुसार एम्स जैसा, एम्स के तर्ज पर हास्पिटल खोलने का निर्णय लिया था, उसी के संदर्भ में बिहार में हमारे संसदीय क्षेत्र में फुलवारीशरीफ, बालमी के नजदीक एम्स हेतु जमीन उपलब्ध हो गयी। मगर दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि अभी तक हास्पिटल निर्माण की कार्यवाही बहुत धीमी गति में है। इसकी वजह से जो टारगेट रखा गया था, वह टारगेट एचीव नहीं किया गया। यूपीए सरकार के स्वास्थ्य मंत्री जी ने कई बार यह आश्वासन दिया कि हम शीघ्रातिशीघ्र कार्यवाही करके उसका निर्माण करेंगे, जो निर्धारित समय है, उसके अनुकूल राशि आबंटित करके उसको बना देंगे। महोदय, जैसा कि आपको जानकारी है और मैं समझता हूं कि आपके राज्य में भी यही स्थिति होगी, खासतौर पर बिहार और उड़ीसा पिछड़े राज्य हैं, वहां एम्स की तर्ज पर या कोई सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल न होने की वजह से आम लोगों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गरीब तबके के लोग जो एम्स में आने योग्य नहीं हैं, दिल्ली आकर इलाज कराने के लिए, वे तो वहीं मर जाते हैं। उनके पास आने का भाड़ा नहीं है, तो वे दिल्ली कैसे आ पाएंगे? वहां की स्थिति बहुत खराब है। छोटी से छोटी बीमारी का जो सही इलाज होना चाहिए, वह चूंकि बिहार के किसी भी हास्पिटल में नहीं है, खासकर पटना जो कैपिटल टाउन है, वहां इलाज नहीं हो पाता है, आएदिन वहां दिल्ली आने के लिए या एम्स आने के लिए केस रेफर करते हैं।

महोदय, वहां के लोगों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहां के लोग यह आशा रख रहे हैं कि यथाशीघ्र हास्पिटल का निर्माण अगर हो जाता, तो बिहार और पटना की जनता, जो बीमारियों जूझ रही है, गरीबी के कारण जिनका इलाज नहीं हो पा रहा है, उनका समुचित इलाज हो पाता। आप दिल्ली के एम्स में देखिए, वहां 60 प्रतिशत मरीज आपको बिहार के मिलेंगे। इसलिए उन्हें बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री और खासतौर से प्रधानमंत्री जी से निवेदन है कि आप हस्तक्षेप करें। आपने जो राशि वहां आबंटित की है, वह बहुत कम है, जिसकी वजह से युद्ध स्तर पर कार्यवाही नहीं हो रही है। माननीय उच्च न्यायालय ने भी हस्तक्षेप किया है, इसके बावजूद अभी तक ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से विशेष आग्रह है कि अधिक से अधिक राशि आबंटित करके, जो निर्धारित समय है, उसके अनुसार वहां एम्स की तर्ज पर हास्पिटल का निर्माण कराया जाए, ताकि वहां की जनता को सुविधा हो और लोग दिल्ली आने से बचें। जो गरीबी की हालत में मर रहे हैं, उन्हें आप मरने से बचायें। यह मेरा निवेदन होगा, इस पर अविलंब कार्यवाही करने का काम करें,

13.57 hrs.

(Dr. Laxminarayan Pandey *in the Chair*)